## सार-समाचार

### तेजाजी मंदिर के सिंह द्वार का लोकार्पण



**बून्दी** (निसं)। नैनवां रोड स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर में नगर परिषद बूंदी द्वारा 6 लाख बीस हजार रुपये की राशि से निर्मित सिंह द्वार का लोकार्पण बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के मुख्यातिथ्य और नगर परिषद बूंदी की सभापति मधु नुवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बूंदी विधायक व सभापति सहित नैनवाँ रोड क्षेत्र के सभी वार्ड पार्षदों का भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात बूंदी विधायक व सभापति द्वारा फिता काटकर सिंह द्वार का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सभापति मधु नुवाल, वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन, वार्ड पार्षद ममता शर्मा, वार्ड पार्षद सध्या रावल, वार्ड पार्षद रामराज अजमेरा, वार्ड पार्षद विजय सिंह गहलोत, वार्ड पार्षद हेमन्त वर्मा, यशवंत दाधीच, पप्पू प्रजापत अध्यक्ष, तेजाजी मंदिर कार्यकारिणी, प्रभुलाल मीणा उपाध्याय, रामधन सैनी, मेला सयोजक, पृथ्वी राज गुर्जर कोषाध्यक्ष, रघुनाथ कराड महामन्त्री, श्योजी लाल मीणा संगठन मन्त्री, रामदेव प्रजापति सलाहकार मंत्री, सुनील सैनी प्रचार मंत्री, भीमराज मारवाडा, व्यवस्थापक हेमन्त मीणा, धन्ना लाल, मुकेश मीणा, मानमल सैनी सरदारी लाल सहित अन्य नैनवा रोड वासी मौजूद रहे।

### माली समाज की बैठक हुई

**नैनवां** (निसं)। धीवर माली समाज छात्रावास में माली (सैनी) समाज की विभिन्न प्रयोजनों को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समाज के लोगों ने बताया कि माली सैनी समाज कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी ,नरेश कोटवाल, फूंदी लाल सैनी आदि वक्ताओं ने बैठक में अपने विचार रखें। शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की।बैठक में वार्षिक आय व्यय का ब्यूरो प्रस्तुत किया। तथा छात्रावास की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। राजाराम सैनी (खानपुरा) अध्यक्ष, राधा किशनसैनी, मोनू सैनी, सत्यनारायण सैनी उपाध्यक्ष, रामेश्वर सैनी, तुलसीराम सैनी, देवी शंकर सैनी संरक्षक, सीताराम सैनी खानपुरा, मांगीलाल सैनी (नैनवा)महामंत्री, दुर्गा शंकर सैनी सचिव, कैलाश चंद सैनी रजलावता कोषाध्यक्ष, मांगीलाल सैनी खानपुरा सहायक कोषाध्यक्ष, कमलेश सैनी, दुर्गा लाल सैनी, बाबूलाल सैनी को सलाहकार नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारीयों को माल्यार्पण कर समाज बंधुओ ने बधाई दी। छात्रावास परिसर में पौधारोपण सभी समाज बंधुओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा सभी समाज बंधुओ से वृक्षारोपण करने एवं प्रकृति संरक्षण का आव्हान किया गया।

### धारीवाल के अशोभनीय बयान की निंदा

**बून्दी** (निसं)। कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री शांति धारीवाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा के संबंध में विधानसभा में दिए गए अशोभनीय और असंसदीय बयानों की भारतीय जनता पार्टी बूंदी जिला शाखा द्वारा घोर निंदा की गई है। जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल एवं शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी द्वारा संयुक्त बयान में कहा गया कि एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता द्वारा सदन में इस प्रकार की अशोभनीय एवं असंसदीय भाषा का प्रयोग किया जाना नितांत निंदनीय है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की इस हरकत की निंदा की। इस दौरान धारीवाल के विरुद्ध सदन में असंसदीय भाषा का प्रयोग करने के लिए कार्रवाई की विधानसभा अध्यक्ष से मांग की गई की गई। इस दौरान पूर्व सभापति महावीर मोदी, जिला प्रवक्ता निर्मल मालव, भाजपा नेता भरत शर्मा, अशोक जैन, दिलीप सिंह, संजय भूटानी, मानस जैन, महावीर जैन, राजेश शेरगड़िया, नीरज बिलोची, नीरज पुरोहित, संजय शर्मा, बालकिशन सोनी, मनीष सेन, संदीप यादव, जमुनाशंकर, नवीन सिंह आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने दी।

### पी.एच.ई.डी. एक्सईन से चर्चा की

**रामगंजमंडी** (निसं)। पिछले कुछ दिनों से बूरनखेड़ी गांव में पानी के पीने की समस्या आ रही है। जल जीवन मिशन के तहत जो लाइन है डाली गई वह भी चालू नहीं हुई। इस कारण से पीने के पानी की भारी दिक्कत ग्रामीणों को झेलनी पड़ रही है। इस समस्या के समाधान के लिए आज भाजपा नेता अखिलेश मेडतवाल ने आज जलदाय विभाग के एक्सईन अंकित सारस्वत से चर्चा की।एक्सईन ने लाइन डालने वाले ठेकेदार को बुलाकर सात दिन के अंदर हर घर पर पानी पहुंचाने का निर्देश दिया और कहा कि एक सप्ताह के अंदर बूरनखेड़ी गांव पानी के पीने की समस्याएं नहीं रहेगी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता उमेश माहेश्वरी प्रहलाद धाकड राजेश धाकड हरीश चौहान रामदयाल प्रजापत ललित चौहान रंगलाल धाकड शिवराज धाकड मुकेश मालव नितेश राठौर चंदन धाकड बाबूलाल नागर राजेश अहीर व भागीरथ मालव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सावन महोत्सव कार्यक्रम 11 अगस्त को

**झालावाड़** (निसं)। ब्राह्मण समाज की महिलाओं का संगठन मां रेणुका सेवा समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें सावन महोत्सव 11 अगस्त रविवार को गणपति प्लाजा में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में डांस, मेहंदी, भजन, सावन क्वीन आदि कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। समिति की जिला अध्यक्ष ज्योति जोशी ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। बैठक में पूर्वा दुबे, आभा जोशी, अर्चना शर्मा, प्रीति शर्मा, वंदना शर्मा, स्वाति शर्मा, सावित्री मिश्रा, तरुणा तिवारी, नीलू शर्मा, ज्योति व्यास, आदि सभी महिलाओं को कार्यक्रम हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम की प्रभारी पूर्वा दुबे ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगा जिसमें समाज की सभी महिलाएं उपस्थित होगी तथा अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था वही रहेगी।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**नैनवां** (निसं)। थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि नैनवा थाना पुलिस ने मुखबिर और सूचना तंत्र की सहायता से प्राप्त जानकारी के आधार पर मारपीट के आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार किया। जैसा की विदित है पीड़ित महिला द्वारा आरोपी के खिलाफ मारपीट करने डराने धमकाने के मामले को लेकर नैनवा थाने में रिपोर्ट दी थी।जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया। दौराने अनुसंधान मुखबिर व सूचना तंत्र की सहायता से प्राप्त जानकारी के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

### कलेक्टर रात्रि चौपाल में जनसुनवाई करेंगे

**रावतभाटा**, (निसं)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में अगस्त माह में अलग-अलग उपखण्ड के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (भू.अ.) सुरेंद्र सिंह पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि एक अगस्त 2024 को गंगरार उपखण्ड के बोरदा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 8 अगस्त को पंचायत समिति चित्तौडगढ़ की ग्राम पंचायत धनेतकला, 22 अगस्त को पंचायत समिति कपासन की ग्राम पंचायत मुंगाणा एवं 29 अगस्त को पंचायत समिति भैंसरोडगढ़ की ग्राम पंचायत जावदा में रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी। जिसमे आमजन की समस्याओं को सुन हाथों हाथ निस्तारण किया जाएगा।

### शिवालयों में जयकारे गूंजे

**छबड़ा** (निसं)। सावन के दूसरे सोमवार पर यहां के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में दिनभर जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के कार्यक्रम हुए। भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध चढ़ाकर सुख समृद्धि और सभी की खुशहाली की कामना की। सोमवार को ब्रह्ममुहुर्त में ही मंदिरों में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, भक्तों की भीड़ भी बढ़ती रही। यहां के नागेश्वर मंदिर समेत शहर के सभी मंदिरों में लोग भक्ति में रमे नजर आए। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, फलफूल, धतूरा, बेलपत्र और जल आदि से अभिषेक कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मंदिरों में घंटी की आवाज से गुंजाईमान रही, धूप अगरबत्ती के महक से वातावरण भक्तिमय हो गया।

# मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए प्राथमिकता से प्रयास किए जाएं : कलेक्टर

■ पानी, बिजली, चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा बैठक हुई

**बूंदी** (निसं)। पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पेयजल उपलब्धता, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के कार्य के दौरान काटी गई सड़को की समय पर मरम्मत की जाए। उन्होंने कापरेन से घाट का बराना विद्युत लाइन शिफ्टिंग प्रकरण के निस्तारण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही नगर परिषद को निर्देश दिए कि बेसहारा गोवंश को गौशालाओं में शिफ्टिंग कार्य में पशुपालन विभाग एवं नगर परिषद समन्वय से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत कनेक्शन से शेष आंगनबाड़ी केन्द्रों में कनेक्शन करवाए जाएं। साथ ही आंगनबाडी केंद्रों में बनाई गई वॉल पेंटिंग्स की राशि का भुगतान किया जाए। इसके अलावा कृषि कनेक्शन जारी करने के कार्य में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतें और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार कनेक्शन जारी करने की कार्यवाही की जावें।

उन्होंने जिले में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति मुहैया कराई जावे। उन्होंने आगामी सात अगस्त को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत शिक्षा विभाग, जिला परिषद, नगर निकाय संबंधित विभाग के अधिकारियों को बारिश के मौसम में पौधारोपण करवाने के लिए तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही वृक्षारोपण किए जाने पर ट्रीस ऐप पर भी जिओ टेक करें। उन्होने सांसद एवं विधायक कोष के अन्तर्गत राशि के लंबित कार्यों में प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बूंदी में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों से संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली ने पीएचईडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के खराब हैंडपंपों को समय पर ठीक करवाएं जाये। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण के लिए गंभीरता से प्रयास किए जावे। जिन स्थानों पर पानी एकत्रित रहता है वहां एंटीलार्वा के लिए एमएलओ का छिड़काव किया जावे। सभी कार्यालयों में राजकार्य की फाईलिंग के माध्यम से संपादित किया जावे।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग नवरत्न कोली, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता इंद्रजीत सिंह मीणा, विद्युत निगम एसई केके शुक्ला, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक महेश शर्मा, पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवानीमण्डी में महिला रोग विशेषज्ञ का पद लम्बे समय से रिक्त

**झालावाड़** (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवानीमण्डी में महिला रोग विशेषज्ञ का पद लम्बे समय से रिक्त चल रहा था। ऐसे में जटिल प्रसव वाली महिलाओं को प्रसव हेतु झालावाड़ आना पडता था। लम्बे समय से रिक्त चल रहे महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के पद के लिये जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कई बार मांग की गई थी। जिले में रिक्त विशेषज्ञ चिकित्सको के पदों को भरने के लिय जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के द्वारा निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर को पत्र लिखा गया। जिस पर कार्यवाही करते हुये निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर द्वारा पद स्थापन सूचि जारी की गई जिसमें महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा मीणा को पदस्थापित किया गया है। सैटेलाईट चिकित्सालय झालरापाटन में शिशु रोग विशेषज्ञ पद पर डॉ. मुकेश भरद्वाज एवं निश्चेतक के पद पर डॉ. अनुज गोयल का पदस्थापन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिले में रिक्त चल रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदो के लिये निदेशालय स्तर से पत्राचार व वार्ता की गई है जल्द ही सभी रिक्त पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सको की भर्ती की जावेगी।

## निष्पादन समिति की बैठक हुई

**बूंदी** (निसं)। जिला निष्पादन समिति की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान की प्रगति जानी और निर्देश दिए कि पौधारोपण में अधिकाधित जनसहभागिता हो। इसके लिए सामाजिक संगठनों को भी इससे जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें वृक्षारोपण में जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, ग्रामीणों की भी अधिकाधिक सहभागिता हो। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधों का वितरण इस तरह से किया जाए कि हर परिवार को कम से कम पांच पौधे उपलब्ध हो सके। साथ ही लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग भी की जावे। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रवेशोत्सव के तहत नामांकन से वंचित बालकों को शिक्षा से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण संबंधी कार्य तय समय सीमा में शुरू करवाकर पूर्ण किए जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि एमपी और एमएलए कोष के स्वीकृत कार्य भी शीघ्र शुरू करवाए जाए। साथ ही जो कार्य पूर्ण हो चुके है, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र भिजवाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर शर्मा ने बताया कि अब तक 1 लाख 39 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके है तथा पौधारोपण का कार्य सतत रूप से जारी है। बैठक में समाज सेवी एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटौदी ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत रोटरी क्लब की ओर से आगामी 4 अगस्त को बूंदी डाइट में 200 से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि महाअभियान के दौरान राज्य सरकार की मंशानुरूप अधिकाधिक पौधारोपण कर सहयोग दिया जाएगा।

# आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक हुई

■ आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई

**झालावाड़** (निसं)। आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनके विभागों से संबंधित कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों की सूची तैयार कर सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से नियमानुसार उनको तुड़वाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अन्य अधिकारियों को भी उनके विभाग से संबंधित जर्जर स्थिति वाले भवनों को तुड़वाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की जान एवं माल की हानि ना हो। उन्होंने कहा कि अगर जर्जर भवन के गिरने से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो उसके जिम्मेदार संबंधित विभाग के अधिकारी होंगे और उनके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला कलेक्टर ने जिले में विद्युत आपूर्ति की जानकारी लेते हुए गांवड़ी तालाब के पास हाइटेंशन लाइन व पोल के नीचे अतिक्रमण कर बनाए गए घरों के संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ तुरंत कार्यवाही करने तथा बारिश के मौसम में ढीले तारों का विशेष रूप से ध्यान रखकर उनको सही करवाने के निर्देश जेवीवीएनएल के अधिकारी को दिए। इस दौरान जिले में चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

उन्होंने जिले में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने तथा परवन बांध के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में चल रहे सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट, टर्सरी केयर सेन्टर तथा ट्रोमा सेन्टर के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने झालावाड व झालरापाटन शहर में हो रहे अतिक्रमणों को हटवाने के संबंध में कार्ययोजना बनाकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश नगर परिषद् झालावाड़ व नगर पालिका झालरापाटन के अधिकारियों को दिए। उन्होंने विभागों के अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसी भी विभाग में सम्पर्क पोर्टल पर एक माह से अधिक की अवधि के प्रकरण लम्बित नहीं होने चाहिए तथा प्रकरणों का निश्चित समयावधि में निस्तारण करें।

इस दौरान उन्होंने कर्मयोगी पोर्टल पर सभी विभागों में कार्यरत कार्मिकों को आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन करने एवं कम से कम 2 प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरयूआईडीपी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रसद विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# महावीर सुमन को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली

■ समाजसेवा के रूप में उल्लेखनीय कार्यों पर सम्मान मिला

**झालावाड़** (निसं)। सेवा भाव के साथ कुशल एवं सफल व्यवसाय के लिए व्यवसायी महावीर सुमन को मानद डॉक्टरेट की उपाधी से सम्मानित किया गया।

समाजसेवी महावीर सुमन को पिछले कई वर्षों से सामाजिक रूप से सराहनीय योगदान और उपलब्धियां के लिए उन्हें यह सम्मान जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने, बालक-बालिकाओं को शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाने एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़कर सामाजिक सेवाओं की उत्कृष्टता के उच्चतम मानक प्रदर्शित करने पर 'डॉक्टर ऑफ सोशल सर्विसेज' की उपाधि से नवाजा गया। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट डेलावेयर से संबंध एवं अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी के फाउंडर एवं चेयरमैन डॉ.पी. मैन्युअल,वाइस चांसलर माननीय न्यायाधीश डॉ. के. वेंकटेशन, तमिलनाडु सरकार के पूर्व प्रमुख शासन सचिव आईएएस के. सम्पत कुमार, आईएएस टीकमचंद बोहरा,भारत सरकार के पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. राजा मानवेंद्र सिंह, यूजीसी के एक्सपर्ट कमेटी मेंबर डॉ. बी. रामास्वामी के द्वारा सत्य साई ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में महावीर सुमन को हॉनरेरी डॉक्टरेट प्रदान की गई। महावीर सुमन ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार, मित्रगण/साथियों, बुजुर्गों को दिया। जिन्होंने इन्हे जरूरतमन्द, अनाथ एवं बेसहारा व्यक्तियों की सेवा करने का संस्कार दिया एवं यह सम्मान उन व्यक्तियों को समर्पित किया जिनकी सेवा करने से आशीर्वाद स्वरूप यह मिला है।



सेवा भाव के साथ कुशल एवं सफल व्यवसाय के लिए व्यवसायी महावीर सुमन को मानद डॉक्टरेट की उपाधी से सम्मानित किया गया।

## बूंदी के सर्राफा व्यवसायियों ने बिरला का अभिनंदन किया

■ सर्राफा व्यवसायियों ने संसद भवन का अवलोकन किया

■ बूंदी की समस्याओं पर चर्चा की

**बून्दी** (निसं)। बूंदी के सर्राफा व्यवसायियों ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी आवास पर अभिनन्दन कर बून्दी की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान इन सर्राफा व्यवसायियों ने संसद भवन का भ्रमण भी किया।

श्री सर्राफा संस्थान बूंदी के अध्यक्ष मौजी नुवाल एवं सचिव नवरत्न बील्या के नेतृत्व में सर्राफा व्यवसायियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके निजी आवास पर मुलाकात कर पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनने पर अभिनंदन किया एवं बधाई दी।

सचिव नवरत्न बील्या ने बताया कि इस अवसर पर बिरला से बून्दी में सर्राफा बाजार का नव निर्माण कराने, वर्तमान चौमुखा बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, जयपुर मुंबई सुपर फास्ट ट्रेन को वाया बून्दी करके ठहराव कराने, बून्दी स्टेशन को जंक्शन बनाने, नए एयरपोर्ट में बून्दी का नाम भी जुड़वाने, बून्दी के पर्यटन एवं सर्वांगीण विकास आदि विषयों पर गहन चर्चा की।

इस पर बिरला ने सभी मांगों पर हरसंभव प्रयास करने का वादा किया। सर्राफा संस्थान के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से बिरला का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

सर्राफा व्यवसायियों द्वारा आज नए संसद भवन का भ्रमण किया गया। उन्होंने संसद में म्यूजियम गैलरी, लोकसभा स्पीकर बिरला व सांसदों के बैठने की जगह आदि को देखा। इस दौरान उनको मुलाकात पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी से हुई।

बिरला से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में सर्राफा संस्थान के उपाध्यक्ष अनंत तोषनीवाल, कोषाध्यक्ष मनीष लखोटिया, सह सचिव राजीव भण्डारी, वरिष्ठ सदस्य बालकिशन बील्या, परियोजना निदेशक सुशील कासट, सह परियोजना निदेशक आयुष गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य आकाश बहेडिया, रोहित सोनी, अंकित नुवाल, शुभम सोनी, शुभांशु नुवाल, तानीश अरोड़ा एवं रवि शर्मा आदि शामिल रहे।

## एस.डी.एम.को ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा** (निसं)। बारां में 13 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में छबड़ा में पंजाबी खत्री समाज एवं सर्व हिंदू समाज द्वारा सोमवार को एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बालिका को न्याय दिलाने की मांग की। खत्री समाज के सचिव कुणाल अदलक्खा ने बताया की विगत 3 जुलाई को बारां में एसएस इंटरनेशनल स्कूल में अध्यनरत पंजाबी खत्री समाज की 13 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया। इस मामले में 25 दिन बीत जाने के बाद भी दोषी खुले आम घूम रहे हैं, उन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे संपूर्ण हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। सर्व हिंदू समाज के लोगो ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की। वहीं समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं कृषि उपज मंडी अध्यक्ष किशन कालरा ने एसडीएम से छबड़ा में चल रहे निजी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं जाने की मांग की एवं आमजन से अपील की कि सभी अपने अपने बच्चों से खुलकर बात कर गुड टच बेड टच के बारे में बताएं।

# वार्ड के विकास कार्य की निकाली गई निविदा के विरोध में कांग्रेस पार्षदों का प्रदर्शन

■ नगरपरिषद् कार्यालय के बाहर कांग्रेस पार्षदों ने सभापति के खिलाफ नारेबाजी की

**झालावाड़** (निसं)। 29 जुलाई 2024 को दिन के 4 बजे नगरपरिषद् कार्यालय के बाहर कांग्रेस पार्षदों ने सभापति संजय शुक्ला के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा कार्यवाहक आयुक्त नरेन्द्र मीणा का घेराव कर निविदा निरस्त किये जाने का ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर प्रतिपक्ष नेता शुभेन्द्र हाडा, पार्षद फारूक अहमद, अकबर अंजान, राजू वर्मा, शबनम बेगम, साजिद खान, अतीक खान, सुनील मीणा, हनीफ खान, सलमा बेगम ने आरोप लगाया कि सभापति संजय शुक्ला द्वारा भेदभाव पूर्ण तरीके से वार्डो के सड़क, नाली निर्माण की निविदा निकाली गयी तथा उन्होंने कांग्रेस वार्डों की अनदेखी कर 15 से 25 लाख का आंशिक बजट दिया गया जबकि भाजपा वार्डों में 56 से 60 लाख रूपये तक प्रतिवार्ड में दिये गये।

कई वार्ड कांग्रेस व बीजेपी के मिलाकर दो वार्डो को जोड़कर बजट आवंटित किया गया जबकि बीजेपी के सिंगल वार्डों को बजट दिया गया। भाजपा हमेशा वोट सबको साथ लेकर चलने के नाम पर लेती है।

36 कोम को साथ लेकर चलने का बीजेपी का नारा झूठा साबित हो रहा है। आयुक्त महोदय से निविदा तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जाने की भी मांग की इस पर उन्होंने निविदा की जांच कर दुबारा निविदा निकाले जाने का आश्वासन दिया।

शहर के कई वार्डों में नालियों के अन्दर पौधे उग गये है जिनकी सफाई नहीं हो पाने से नालियों का गन्दा पानी सड़कों पर बह रहा है जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बना हुआ है वहीं शहर के कई वार्डों में रोड लाइट बन्द रहने से अंधेरा रहता है जिससे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है तथा अन्धेरा का लाभ उठाकर चोर चोरी कर रहे हैं।

यदि उक्त समस्याओं का समाधान समय पर नहीं होता है तो समस्त कांग्रेस पार्षदगण नगरपरिषद् के बाहर प्रदर्शन कर सभापति व आयुक्त के पुतले जलायेगे तथा सद्बुद्धि के लिये यज्ञ भी किया जायेगा व शहर में इनके खिलाफ रैली भी निकाली जायेगी।



कार्यवाहक आयुक्त नरेन्द्र मीणा का घेराव कर निविदा निरस्त किये जाने का ज्ञापन दिया।